मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
■ वर्ष : 45 ■ अंक : 274 ■ बुधवार 28 जनवरी 2026 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
'ऐसी छोटी-छोटी चीजें हर देश में होती हैं'

# 3 फरवरी को महापौर चुनाव

## 29 व 30 जनवरी को नामांकन दाखिल होंगे

## 3 फरवरी को विशेष सभा में होंगे चुनाव

- शिवसेना 40 व भाजपा 37 में महायुति तय नहीं
- शिवसेना के पास 40 नगरसेवकों का बहुमत






**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका में मंगलवार 3 फरवरी 2026 को महापौर व उपमहापौर चुनाव होने जा रहे हैं। इसकी घोषणा कोकण विभागीय आयुक्त ने एक पत्र द्वारा दी है। शुक्रवार 30 जनवरी 2026 को महापौर व उपमहापौर चुनाव हेतु नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 3 फरवरी को उल्हासनगर मनपा में विशेष सभा के दौरान यह चुनाव संपन्न होंगे। महापौर व उपमहापौर चुनाव की घोषणा तो हो चुकी है लेकिन इन दोनों पदों के दावेदारों की अभी तक घोषणा भाजपा व शिवसेना ने नहीं की है। एक तरफ उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति का महापौर होगा उसकी तो घोषणा की है लेकिन किस पक्ष का महापौर व उपमहापौर होगा यह अभी तक तय नहीं हुआ है। लेकिन बहुमत के आधार पर शिवसेना की ओर से महापौर की मजबूत दावेदारी पेश की जा रही है।

ज्ञात हो कि मंगलवार 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे से विशेष सभा के दौरान महापौर और उपमहापौर के चुनाव होंगे। जिसके लिए मनपा सचिव कार्यालय में शुक्रवार 30 जनवरी को सुबह 11 से शाम 3 बजे तक महापौर व उपमहापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया जाएगा। विशेष सभा में पीठासीन अधिकारी के रूप में रत्नागिरी के जिलाधिकारी मनुज जिंदल की देखरेख में महापौर व उपमहापौर के चुनाव होंगे। अब देखना है कि भाजपा व शिवसेना के कौन-कौन दावेदार इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करते हैं।

### डिम्पल कुमारी ठाकुर रेस में आगे



पैनल 9 से शिवसेना ओबीसी उम्मीदवार डिम्पल कुमारी ठाकुर ने रिकार्ड तोड़ जीत हासिल कर यह तय कर लिया है कि वो आगामी महापौर चुनाव की प्रबल दावेदार होंगी। डबल ग्रेजुएट डिम्पल कुमारी ठाकुर सिंधी समाज की पहली पसंद भी बताई जा रही है और वो पहली युवा महापौर भी बन सकती हैं। कालानी के सबसे पुराने समर्थक पूर्व नगरसेवक नरेंद्र कुमारी ठाकुर की बेटी डिम्पल कुमारी ठाकुर महापौर रेस में सबसे आगे चल रही है। कई वर्षों बाद पप्पू कालानी की सत्ता में वापसी से शहरवासियों को विकास की उम्मीद है और पप्पू कालानी की करीबी कुमारी के महापौर बनने से शहर विकास प्रगति की ओर जाएगा। नरेंद्र कुमारी ठाकुर मनपा में पूर्व अधिकारी रह चुके हैं और उन्हें प्रशासकीय कार्यालय के साथ-साथ वो कई बार नगरसेवक भी रह चुके हैं। जिस कारण उन्हें कामकाज की भी जानकारी है। शिवसेना नगरसेवकों व कार्यकर्ताओं का भी उन्हें समर्थन है।

### शिवसेना व भाजपा में दावेदार

शिवसेना ने कोंकण भवन में 40 नगरसेवकों का बहुमत गट पंजीकृत करा लिया है जिस कारण महापौर पद के लिए उनकी दावेदारी साफ है। शिवसेना की ओर से राजेंद्र चौधरी, डिम्पल कुमारी ठाकुर, अश्विनी कमलेश निकम, वंदना भदाणे व राजेश चानपुर के नामों की चर्चा है। वहीं उपमहापौर पद के लिए भुल्लर महाराज व जमनू पुरस्वानी के नामों की चर्चा है। भाजपा की ओर से महापौर पद के दावेदार रवि जग्यासी और उपमहापौर पद के लिए राजेश वधरिया के नाम की चर्चा है। अगर महायुति होती है तो भाजपा को उपमहापौर पद मिल सकता है।

### राजेश वधरिया भाजपा के गट नेता बने



भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया के नेतृत्व में उल्हासनगर मनपा में भाजपा ने सर्वाधिक 37 सीटें प्राप्त कर भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है ऐसे में शुक्रवार को उनको सभी नगरसेवकों ने सर्वसम्मति से भाजपा गट नेता नियुक्त किया गया है। मनपा मुख्यालय की आम सभा में वो भाजपा का नेतृत्व करेंगे। महापौर व उपमहापौर चुनाव में भी श्री वधरिया की अहम भूमिका देखने को मिलेगी। उल्हासनगर भाजपा के 37 नगरसेवकों ने कल कोंकण भवन में गुट का पंजीकरण कराया। भाजपा के नगरसेवकों ने गट नेता के तौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया को चुना है। भाजपा चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी ने कहा कि मनपा में महायुति का महापौर होगा।

# अंबरनाथ : घर पट्टी में 50% शास्ती कर माफ

- नगराध्यक्षा ने की घोषणा
- 190 करोड़ रुपए माफ किए गए




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद ने गृहकर में लगाए गए 50% शास्ती कर को माफ कर दिया है. ऐसी जानकारी नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले पाटिल ने पत्रकारों को दी है. उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा शास्ती कर माफी की घोषणा का पत्र आ चुका है. शहरवासियों का 190 करोड़ रुपए माफ किया गया है.

विदित हो कि बदलापुर नगर परिषद ने पहले ही शास्ती कर की माफी की घोषणा कर दिया है. अंबरनाथवासियों पर 380 करोड़ रुपयों का शास्ती कर था, जिस पर 50% यानी 190 करोड़ रुपए जिलाधिकारी ने माफ कर दिए हैं. करदाताओं को एकमुश्त (वन टाइम) ये रकम भरना होगा. नगराध्यक्षा ने शहरवासियों से ये आह्वान किया है कि वह जल्द से जल्द इस 50% माफी का लाभ उठाएं क्योंकि यह कर माफी का नियम कब तक लागू रहेगा बताया नहीं जा सकता. ये पूछे जाने पर जिन्होंने 100% शास्ती कर भर दिया है, क्या उनको 50% शास्ती कर वापस की जाएगी. इसका कोई उत्तर नहीं दिया गया. लेकिन कर विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जिन्होंने शास्ती कर पूरा भर दिया है. उनको 50% रकम वापस नहीं की जाएगी. नगराध्यक्षा ने बताया कि 19 मई 2025 तक के लिए शास्ती कर में माफी दी गई है.

उन्होंने कहा कि शहरवासियों को शास्ती कर माफी की जानकारी हो इसके लिए शहर में जगह-जगह बोर्ड लगाए जाएंगे और स्पीकर से घोषणा भी की जाएगी. उन्होंने कहा कि आनलाइन पेमेंट भी किया जा सकता है. उसका लाभ शहरवासी उठाएं. 26 जनवरी को पनवेलकर गार्डन में सोसायटी में हुए एक कार्यक्रम में नगराध्यक्षा ने कहा था कि जल्द ही शास्ती कर में 50% माफी की घोषणा होगी और उन्होंने 27 जनवरी को शास्ती कर में माफी की घोषणा की है.

# पारिवारिक विवाद में कपड़ा व्यापारी की हत्या

**भिवंडी.** भिवंडी कस्बे में सोमवार को पारिवारिक विवाद के कारण 23 वर्षीय एक कपड़ा व्यापारी की कथित तौर पर पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मृतक दिलशाद मकबूल अहमद शाह के तीन रिश्तेदारों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया।

शांतिनगर पुलिस ने बताया कि दिलशाद कपड़े बेचने का व्यवसाय करता था और वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला था तथा वर्तमान में भिवंडी में रहता था। पुलिस के अनुसार, मृतक का बड़ा भाई गुलजार मकबूल अहमद शाह (25) उसी इलाके में कपड़ा व्यापारी है और उसने पुलिस में शिकायत दी। उसकी शिकायत के आधार पर मृतक के तीन रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान भिवंडी के शांतिनगर निवासी आसिफ अब्दुलहकीम शाह (20), अलीहसन अब्दुलहकीम शाह (23) और मुजफ्फर अब्दुलहकीम शाह (25) के रूप में की। शांतिनगर थाने के वरिष्ठ निरीक्षक विनायक गायकवाड़ ने बताया कि आरोपी और मृतक एक-दूसरे को जानते थे।

# क्रिप्टोकरेंसी में लाभ का लालच देकर ठगी

- '40 दिन में पैसे डबल' का जाल
- उल्हासनगर में आरोपी गिरफ्तार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां आम लोगों को 'क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट करें और 40 दिन में अपने पैसे डबल करें' जैसे लुभावने शब्दों का जाल बिछाकर 22 लाख रुपये से ज़्यादा की ठगी की गई। आरोपी को आखिरकार हिललाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, और इस मामले से शहर में हलचल मच गई है।

उल्हासनगर में मुनाफ़े का लालच दिखाकर लोगों से 22 लाख रुपये से ज़्यादा की ठगी करने का एक गंभीर मामला सामने आया है। इस मामले में प्रभावती संजय माली की शिकायत के बाद हिललाइन पुलिस स्टेशन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश मोरे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मुकेश मोरे ने अपनी पत्नी अर्चना मोरे की मदद से लोगों को हर दिन 5 परसेंट रिटर्न और 40 दिन में रकम डबल करने का वादा करके क्रिप्टोकरेंसी में इन्वेस्ट करने का लालच दिया था। इस फर्जी स्कीम के ज़रिए आरोपी ने 15 से 20 लोगों से अलग-अलग रकम का इन्वेस्टमेंट करवाया। शुरू में आरोपी ने कुछ इन्वेस्टर्स को थोड़ी रकम लौटाकर भरोसा जीता। लेकिन, बाद में उसने अचानक पेमेंट करना बंद कर दिया और पैसे लौटाए बिना फरार हो गया। जांच में पता चला कि आरोपी इन्वेस्टर्स की फाइनेंशियल कंडीशन के आधार पर इन्वेस्टमेंट की रकम तय कर रहा था, और कुछ ने 10,000 रुपये और कुछ ने लाखों रुपये इन्वेस्ट किए थे।

आरोपी के फरार होने के बाद, गुस्साए इन्वेस्टर्स ने आरोपी को 3 लाख रुपये इन्वेस्ट करने का वादा करके फिर से उल्हासनगर बुलाया। इसके बाद उसे तुरंत हिल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया गया।

### पुलिस की अपील

इस बीच, पुलिस ने लोगों से अपील की है कि क्रिप्टोकरेंसी या किसी भी इन्वेस्टमेंट स्कीम में पैसा इन्वेस्ट करने से पहले ठीक से जांच और वेरिफिकेशन करें।

### इस रैकेट में और कौन-कौन शामिल है?

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज करके कोर्ट में पेश किया है, जहां कोर्ट ने आरोपी को दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। खास बात यह है कि पुलिस ने बताया है कि आरोपी मुकेश मोरे के खिलाफ मुंब्रा थाने की हद में पहले भी करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के केस दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस इस फ्रॉड केस के पीछे के पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस रैकेट में कौन-कौन शामिल है। आरोपी की पत्नी अर्चना मोरे की भूमिका भी शक के दायरे में है, और जांच में उसके शामिल होने का पता चलने की संभावना है।

# विदेशी कंपनियों की बोतलों में बनावटी शराब



- कल्याण एक्साइज विभाग ने किया पर्दाफाश

**कल्याण.** कल्याण एक्ससाइज विभाग की भरारी टीम ने नकली शराब बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भारी मात्रा में नकली शराब का जखीरा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी ब्रांडेड कंपनियों की बोतलों में नकली शराब भरकर उसे बाजार में बेचा करते थे। कल्याण एक्साइज विभाग के अधिकारी दीपक परब ने बताया कि टिटवाला स्थित मुंबई-बड़ोदा हाईवे पर शराब की तस्करी को लेकर गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एक्साइज विभाग की भरारी टीम ने जाल बिछाया। इस दौरान एमएच 05 एफजे 9142 क्रमांक की टाटा इंट्रा कार पर संदेह होने पर एक्साइज विभाग ने उसे रोका। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुई। इसके बाद भरारी टीम ने आरोपी रोहन केणे को गिरफ्तार कर नकली शराब जब्त कर लिया।

पूछताछ में रोहन ने एक्साइज विभाग को बताया कि टिटवाला से सटे कोंढेरी गांव में उसके साथी जयेश केणे के घर नकली शराब का कारखाना है। जहां महंगी विदेशी कंपनियों की बोतल से शराब निकालकर उसमें नकली शराब भरकर बोतलों को दुबारा सील लगाकर बेच दिया जाता है। इसके बाद एक्साइज विभाग ने उक्त कारखाने पर छापा मारकर नकली शराब का जखीरा बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने रोहन केणे और जयेश केणे को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने पर उन्हें एक दिन की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

# क्रिकेट मैच के दौरान विवाद ने लिया हिंसक रूप

- युवक गंभीर रूप से घायल
- सुभाष टेकड़ी इलाके में डर का माहौल
- 4 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-4 के सुभाष टेकड़ी इलाके में एक मामूली झगड़े में एक युवक पर हमला होने की चौंकाने वाली घटना सामने आई है। दोपहर में हुए मामूली झगड़े को ध्यान में रखते हुए, रात में धारदार हथियार से हमला करके युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। यह घटना 24 जनवरी, 2026 को रात करीब 9:30 बजे सिद्धार्थ मंडल, सुभाष टेकड़ी, उल्हासनगर-4 के पास एक खुले मैदान में हुई। आरोपियों ने मिलीभगत करके शिकायतकर्ता के भाई रोहित के साथ गाली-गलौज की और उसकी नाक, माथे के किनारे, दोनों हाथों और सिर के पिछले हिस्से पर किसी धारदार चीज से हमला करके उसे घायल कर दिया। इस मामले में सुमित सदावर्ते (19, निवासी दाहचल, सुभाष टेकड़ी) और उसके तीन अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपी अभी गिरफ्तार नहीं हुआ है। ऋषिकेश गणेश जगदाले ने इस घटना के बारे में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस, बकायेदारों में हड़कम्प

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में प्रॉपर्टी टैक्स के बकाए का पहाड़ बढ़ता देख अंबरनाथ म्युनिसिपल काउंसिल ने सख्त रुख अपनाया है। म्युनिसिपल काउंसिल ने 1 लाख 40 हजार ऐसे प्रॉपर्टी मालिकों को प्री-सीजर नोटिस भेजे हैं जो बार-बार अपील करने के बावजूद टैक्स देने में आनाकानी कर रहे हैं। इस कार्रवाई से बकाएदारों में हड़कम्प मच गया है. म्युनिसिपल काउंसिल ने अब बिना किसी समझौते के वसूली करने का फैसला किया है।

चालू वित्त वर्ष के लिए जहां 59 करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा गया था, वहीं अब तक म्युनिसिपल के खजाने में सिर्फ 10 करोड़ रुपये ही जमा हुए हैं। चूंकि अभी भी 49 करोड़ रुपये की वसूली बाकी है, इसलिए म्युनिसिपल के डेवलपमेंट के कामों और ज़रूरी सेवाओं पर दबाव पड़ने लगा है। इस स्थिति को संभालने के लिए, चीफ ऑफिसर उमाकांत गायकवाड़ के गाइडेंस में टैक्स डिपार्टमेंट ने कमर कस ली है और कानून का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई महाराष्ट्र म्युनिसिपल काउंसिल एक्ट 1965 के तहत प्रपोज़्ड है।



इस बारे में टैक्स सुपरिटेंडेंट नरेंद्र संखे ने साफ चेतावनी दी है। नोटिस मिलने के बावजूद तय समय में टैक्स नहीं चुकाया गया तो न सिर्फ उसे ज़ब्त किया जाएगा, बल्कि पानी का कनेक्शन और बिजली सप्लाई काटने जैसे सख्त कदम उठाए जाएंगे। अगर फिर भी कोई जवाब नहीं मिला तो प्रशासन ने कहा है कि संबंधित चल-अचल प्रॉपर्टी की नीलामी की प्रक्रिया लागू की जाएगी।

सफाई, पानी की सप्लाई, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए प्रॉपर्टी टैक्स ही कमाई का मुख्य ज़रिया है। इसलिए नगर परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे 31 मार्च से पहले अपना बकाया टैक्स जमा कर दें ताकि शहर के विकास में रुकावट न आए। प्रशासन ने सीधे तौर पर चेतावनी दी है कि डेडलाइन का इंतज़ार किए बिना टैक्स चुकाकर कानूनी कार्रवाई करें, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे।

# जिस पार्टी की संख्या ज्यादा उस पार्टी का होगा महापौर






- शिवसेना के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे का महत्वपूर्ण बयान

**कल्याण.** शिवसेना (शिंदे) के कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने महापौर पद को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के पास ज्यादा संख्या है उसी का महापौर होगा। आगामी मलंग यात्रा को लेकर आयोजित पत्रकार परिषद में वह बोल रहे थे। कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के महापौर पद की चयन प्रक्रिया 3 फरवरी को होगी। महापौर पद का आरक्षण अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए घोषित होने के बाद शिवसेना (शिंदे) के दो नगरसेवक हर्षाली थविल और किरण भांगले महापौर पद के दावेदार माने जा रहे हैं। इस बीच शिवसेना (शिंदे) के कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने महापौर पद को लेकर कहा कि जिस पार्टी के पास नगरसेवकों की संख्या ज्यादा होगी उसी पार्टी का महापौर होगा।

लांडगे ने यह भी कहा कि जहां-जहां शिंदे गुट के पास बहुमत है वहां शिंदे गुट का ही महापौर विराजमान होगा। इस पत्रकार परिषद में शिवसेना के विधायक राजेश मोरे, कल्याण-मुरबाड जिला प्रमुख अरविंद मोरे, शहर प्रमुख रवि पाटील, दिनेश देशमुख, जितेन पाटील, रमाकांत देवलेकर, हर्षवर्धन पालांडे, पराग तेली, देवानंद भोईर, चैनु जाधव, छाया वाघमारे आदि उपस्थित थे।

## कल्याण-डोंबिवली महापौर का चुनाव 3 को

- KDMC सेक्रेटरी ने स्पेशल मीटिंग का नोटिस जारी किया

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (1982 से 1995 = 13 साल) की स्थापना के बाद से अब तक के सबसे लंबे एडमिनिस्ट्रेटिव राज को खत्म होने में सिर्फ़ एक हफ़्ता बचा है। कल्याण डोंबिवली को 3 फरवरी को नया महापौर और उप महापौर मिल जाएगा। KDMC सेक्रेटरी ने इस बारे में स्पेशल जनरल मीटिंग का नोटिस जारी कर दिया है।

### महापौर पद के लिए घोषित का कार्यक्रम

- गुरुवार, 29 जनवरी से शुक्रवार, 30 जनवरी तक सेक्रेटरी के ऑफिस में नॉमिनेशन पेपर फाइल करना.
- मंगलवार, 3 फरवरी, 2026 को दोपहर 12 बजे से महापौर और उप महापौर के चुनाव के लिए स्पेशल जनरल मीटिंग ऑर्गनाइज़ करना

लेकिन मेयर कौन होगा, इसे लेकर उत्सुकता चरम पर है।

कल्याण-डोंबिवली मनपा के आम चुनाव हाल ही में खत्म हुए हैं। पिछले हफ़्ते मेयर पद के लिए हुए रिज़र्वेशन ड्रॉ में यह पद शेड्यूल्ड ट्राइब कैटेगरी के लिए तय हुआ था। लेकिन, यहां के ड्रामैटिक पॉलिटिकल डेवलपमेंट और शह-मात की पॉलिटिक्स की वजह से महापौर कौन होगा, इस पर सस्पेंस बना हुआ है। क्योंकि जिस कैटेगरी के लिए रिज़र्वेशन अनाउंस किया गया है, उसमें से शिवसेना के दो चुने हुए कॉर्पोरेटर हैं, एड. हर्षाली थविल - चौधरी और किरण भांगले। इनमें से पार्टी के बड़े नेता अब किसका नाम पसंद करते हैं, यह 3 तारीख तक साफ़ हो जाएगा।

## भाजपा गुटनेता बने शशिकांत कांबले



**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली मनपा में भाजपा के 50 नगरसेवकों ने मंगलवार को कोकण भवन जाकर गुट स्थापन किया। इसके बाद नगरसेवक शशिकांत कांबले को भाजपा के गुटनेता पद पर नियुक्त किया गया। शशिकांत कांबले पहली बार नगरसेवक का चुनाव जीते और पार्टी ने उन्हें गुटनेता पद की जिम्मेदारी सौंपी है। बतादें कि कांबले भाजपा के कल्याण-डोंबिवली जिला अध्यक्ष रह चुके है। इसके अलावा वह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के करीबी माने जाते है। नियुक्ति के बाद शशिकांत कांबले ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण एवं सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने मुझपर विश्वास जताते हुए गुटनेता पद की जिम्मेदारी सौंपी है। कांबले ने आगे कहा कि महानगरपालिका के कार्यों का अनुभव रखने वाले अनेक नगरसेवक हैं, उन सभी को साथ लेकर काम करूंगा।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास

## संपादकीय

## हिंदी बनाम तमिल : खतरा है भाषा का विवाद?

देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि किसी मसले पर असहमति या विवाद की स्थिति है, तो उसे संवाद और सौहार्द के सहारे हल किया जाए और सहमति की हर संभावना को मजबूत किया जाए। मगर विडंबना यह है कि कई बार कुछ मुद्दों को इस हद तक संवेदनशील स्वरूप दे दिया जाता है कि उसके बाद विवाद नाहक ही जटिल होता चला जाता है।

गौरतलब है कि तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम पार्टी ने चेन्नई में रविवार को 'भाषा शहीद दिवस' मनाया और इस मौके पर राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन ने हिंदी भाषा पर बहस को एक बार फिर हवा दे दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि 'न तब, न अभी, न ही कभी हिंदी को यहां जगह मिलेगी।' इस मसले पर अतीत में कैसे मत-विरोध रहे हैं और कैसे यह एक समय हिंसक आंदोलन का कारण बना था, यह जानते हुए भी अगर आज एक बार फिर उसी तेवर में विवाद को तूल दिया जाता है, तो इसे किस रूप में देखा जाएगा? संवाद के बजाय आक्रामकता का सहारा लेकर किस समस्या का स्थायी हल निकाला जा सकता है?

देश की संघीय भावना विविधता के सौंदर्य से ही शक्ति ग्रहण करती है। अलग-अलग भाषाएं इसका एक सबसे अहम हिस्सा हैं। हिंदी को देश को जोड़ने वाली एक भाषा की सबसे महत्त्वपूर्ण कड़ी के तौर पर देखा जाता है, तो इसके अपने आधार हैं। मगर इसमें कहीं भी तमिल या देश की किसी भी अन्य भाषा की अहमियत की अनदेखी करने या खुद को उन पर थोपे जाने का आग्रह नहीं है। हैरानी की बात यह है कि किसी भाषा को नुकसान पहुंचाए बिना कभी सिर्फ हिंदी पढ़ाने की बात की जाती है, तो उसे थोपने के तौर पर देख लिया जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री का यही मानना है कि केंद्र सरकार राज्य में हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। उनकी इस बात से शायद ही किसी को असहमति होगी कि तमिलनाडु अपनी भाषा से जीवनधारा की तरह प्यार करता है।

मगर क्या किसी भी भाषा से प्यार को दूसरी भाषा के खिलाफ संघर्ष या टकराव का कारण बनना चाहिए? इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि भाषा के मसले पर इस तरह मोर्चा खोलना किसी भी भाषा का कितना हित सुनिश्चित करेगा!

# विचार : उदाहरण बनी भारतीय चुनाव प्रणाली

पश्चिमी देशों की नजर में लोकतंत्र वही है, जो 1215 ईस्वी में इंग्लैंड में हुई मैग्नाकार्टा की संधि से उपजा। इस लोकतंत्र के नाते पश्चिमी देशों में एक खास तरह का श्रेष्ठताबोध है। ऐसे सोच वाले देशों में चुनाव कराने वाली संस्थाओं के संगठन इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट आफ डेमोक्रेटिक एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (आइडीईए) की अध्यक्षता भारत को मिलना मामूली बात नहीं। हाल में दिल्ली में चुनाव आयोग की अध्यक्षता में इस संगठन का सम्मेलन हुआ। इसके जरिये आयोग ने भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों से पश्चिमी देशों को एक तरह से परिचित कराने की कोशिश की। 1995 में 14 देशों द्वारा स्थापित इस संगठन के सदस्य देशों की संख्या अभी 37 है।

अमेरिका और जापान इसके स्थायी पर्यवेक्षक हैं। इस समय दुनिया की आबादी करीब आठ अरब है। इस लिहाज से यह संगठन करीब दो अरब बीस करोड़ पंजीकृत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है। इसमें अकेले भारत की हिस्सेदारी 99 करोड़ 10 लाख से ज्यादा है। इसके हिसाब से भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। घरेलू मोर्चे पर जिस समय भारतीय चुनाव प्रणाली और मशीनरी सवालों के घेरे में है, उसी वक्त चुनाव आयोग के हाथ इस संस्था की कमान आने का अर्थ है कि आयोग की वैश्विक स्वीकार्यता बढ़ रही है। इस दृष्टि से संगठन की अध्यक्षता भारत के लिए केवल औपचारिक दायित्व नहीं, बल्कि वैचारिक नेतृत्व का भी अवसर है।

आज भारत में मतदाताओं की चुनावों में भागीदारी लगातार बढ़



रही है। यह एक तरह से चुनाव व्यवस्था की सफलता है। चुनावी प्रबंधन में बढ़ता नवाचार, डिजिटल चुनाव प्रबंधन पर जोर, दिव्यांग और दूरस्थ क्षेत्रों के मतदाताओं तक बढ़ती पहुंच-ये सभी चुनाव आयोग के प्रयासों से ही संभव हुए हैं। चुनावी साक्षरता बढ़ाने को लेकर चुनाव आयोग ने बहुत प्रयोग किए हैं। विपक्षी सवालों के बावजूद चुनावों में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी दिखाता है कि चुनाव आयोग के प्रति लोगों का भरोसा कम नहीं हुआ है। देश में चुनावी पवित्रता बनी हुई है, तो उसकी एक वजह भारत का पारंपरिक लोकतांत्रिक सोच है। दक्षिण भारत में दसवीं सदी के चोल शासकों ने ग्रामीण शासन व्यवस्था के लिए जो तंत्र विकसित किया था, उसे आधुनिक राजनीतिक विज्ञानी भी श्रेष्ठ मानते हैं।

मैग्नाकार्टा से पहले कर्नाटक में लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक संत बसवेश्वर द्वारा स्थापित अनुभव मंडपम में समाज के हर वर्ग के लोग अपने धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर खुलकर चर्चा करते थे। राजनीतिशास्त्री इसे आधुनिक संसद का प्रारंभिक रूप मानते हैं। दुनिया में बढ़ता ध्रुवीकरण, दुष्प्रचार और साइबर हस्तक्षेप, चुनावों में काले धन का बढ़ता उपयोग तथा युवाओं की घटती रुचि ने आधुनिक लोकतंत्र के समक्ष गंभीर खतरे खड़े कर दिए हैं। जनमत को प्रभावित करने के लिए एआइ का बढ़ता इस्तेमाल कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। ऐसे चुनौतीपूर्ण माहौल में भारत के अनुभव और उसका सफल चुनावी माडल वैश्विक मंच पर लोकतांत्रिक देशों की चुनाव प्रणालियों के लिए आशा की किरण बन सकता है।

हमारे लोकतंत्र की ताकत केवल चुनाव प्रक्रिया नहीं, बल्कि हर वोट को मिली अहमियत से है। इसी वजह से विविधतापूर्ण समाज, भाषा, धर्म और असमानताओं के बावजूद भारतीय चुनाव प्रणाली शांतिपूर्ण बनी हुई है। बहुलतावादी समाज भारतीय लोकतंत्र की बाधा नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी ताकत है। पश्चिमी देशों और ग्लोबल साउथ की लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों की तुलना में भारतीय चुनाव प्रबंधन कहीं अधिक उपलब्धिपूर्ण दिखाई देता है। अमेरिका और यूरोप में न केवल मतदाता भागीदारी लगातार घट रही है, बल्कि अविश्वास और सामाजिक टकराव जैसी चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। इसके विपरीत विविधता के बावजूद हमारी व्यवस्था समाधान का शांतिपूर्ण माध्यम बनी हुई है। इसमें महिलाओं और युवा मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत किया है। आमजन का राजनीतिक व्यवस्था के प्रति बढ़ता भरोसा भी इसी का प्रतीक है। विविध सामाजिक पहचान, जाति, पंथ और भाषा होने के बावजूद यदि भारत में पश्चिम जैसा सामाजिक टकराव नहीं है, तो इसकी प्रमुख वजह लोकतांत्रिक एवं चुनावी प्रक्रिया में भारतीय मतदाता का अटूट विश्वास है।




हमारे अंदर एक ऐसा शक्तिशाली स्थल मौजूद है जो जीवन की ऊर्जा का स्रोत है। ध्यानाभ्यास के द्वारा हम इस शक्तिशाली स्थल में जा सकते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

## जलवायु परिवर्तन की दस्तक और भविष्य का संकट

आमतौर पर तापमान में थोड़े उतार-चढ़ाव को मौसम के लिहाज से एक सामान्य स्थिति माना जाता है, लेकिन इस वर्ष हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी में जिस तरह की देरी देखी गई, उस पर स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों का ध्यान गया है। हालांकि अब पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और बारिश हुई है और इसकी वजह से देश के मैदानी क्षेत्रों में भी तापमान में गिरावट की संभावना जताई गई है। मगर इस वर्ष पहाड़ी राज्यों में जिस तरह मौसम के मिजाज में बदलाव देखा गया, बर्फबारी की सामान्य अवधि में देरी हुई, उसका सीधा संकेत यही था कि अब जलवायु परिवर्तन का असर प्रत्यक्ष रूप में सामने आने लगा है। दरअसल, लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में वर्ष का पहला हिमपात हुआ। इसी तरह हिमाचल प्रदेश के शिमला और कश्मीर में भी उम्मीद के मुकाबले करीब दो महीनों की देरी के बाद पहली बर्फबारी हुई। इसकी वजह से कड़ाके की ठंड अपने ज्यादा असर के साथ वापस लौट आई। हिमालयी प्रदेशों में आमतौर पर नवंबर-दिसंबर में इस तरह के मौसम की संभावना होती है। इसे एक सामान्य चक्र माना जाता है, जिसके असर से दिल्ली और उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ती है। मगर इस बार अब जाकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर में बर्फबारी



हुई है और इसके मद्देनजर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली सहित उत्तर-पश्चिमी भारत के मैदानी इलाकों के न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है।

जाहिर है, इन क्षेत्रों में एक बार फिर कुछ दिनों के लिए कड़ाके की ठंड लौट सकती है और इसी के मुताबिक लोगों को थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत पड़ेगी। मौसम की अपनी गति होती है और कई कारणों से उसकी अवधि आगे-पीछे हो सकती है।

अगर इसके पीछे वजहें प्राकृतिक हों, तो यह ज्यादा चिंता की बात नहीं होती। मगर इससे इतर इस बार जिस तरह हिमालय के बड़े इलाके में बर्फबारी में दर्ज करने वाली गिरावट या कमी देखी गई, उससे साफ है कि वैश्विक ताप के नतीजे अब अपने व्यापक रूप में सामने आने लगे हैं।

ऐसे अनेक आकलन आ चुके हैं, जिनके मुताबिक सदियों से भारत के जलवायु चक्र का आधार माने जाने वाला हिमालय आज एक चिंताजनक संकट से गुजर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से हिमालय क्षेत्र में सर्दी के मौसम में भी औसत से काफी कम बर्फबारी हो रही है। खासतौर पर जिस मौसम में पहाड़ों को बर्फ से आच्छादित देखा जाता था, उस दौरान भी अब असामान्य रूप से बर्फबारी में देरी हो रही है।

यह गौरतलब है कि हिमालय के दायरे में पड़ने वाले क्षेत्रों में कई नदियों का उद्गम स्थल है और इस तरह पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों के बड़े हिस्से में खेती और लोगों की जीविका इन पर निर्भर रही है। मगर मानसून और जैव-विविधता का आधार रहा यह इलाका अब कड़ाके की ठंड में भी बिना बर्फ के सूखा रहने लगा है, जिसका असर पारिस्थितिकी पर पड़ना तय है। अब इसे मौसम में किसी सामान्य उतार-चढ़ाव के बजाय जलवायु परिवर्तन के नतीजे के तौर पर देखा जाने लगा है।

वैश्विक ताप में बढ़ोतरी का एक परिणाम यह भी है कि ठंड के मौसम में अगर थोड़ी-बहुत बर्फबारी हो, तो भी वह पिघल जाती है। ऐसे में हिमखंडों में सिकुड़न भी एक स्वाभाविक नतीजा है और इसका असर पहाड़ों की स्थिरता पर भी पड़ेगा। शायद यही वजह है कि हाल के वर्षों में पहाड़ी इलाकों में आपदाओं का संकट भी गहराता गया है। विकास की आड़ में प्रकृति की सुरक्षा दीवार को तोड़ने की तैयारी, क्या अरावली को खोकर भारत आगे बढ़ पाएगा?

# यह पहाड़ बताता है महिला के गर्भ में बेटा है या बेटी?

**जरा हट के**

दुनिया भर में अंधविश्वास को लेकर लोगों की अलग-अलग मान्यताएं देखने को मिलती हैं. कई जगहों पर लोग इन विश्वासों को इतनी गंभीरता से मानते हैं कि इसके चलते जान तक जोखिम में डाल देते हैं. कहीं-कहीं अंधविश्वास के नाम पर बलि जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं. हालांकि, जिस मामले की यहां बात की जा रही है, उसे वहां के लोग सिर्फ अंधविश्वास नहीं बल्कि एक पुरानी परंपरा मानते हैं.

आमतौर पर डॉक्टर ही जांच कर बता सकते हैं कि गर्भ में पल रहा बच्चा लड़का है या लड़की, वो भी कानूनन प्रतिबंधित है. लेकिन एक ऐसा गांव है, जहां लोगों का मानना है कि एक पहाड़ खुद यह बता देता है कि गर्भ में बेटा है या बेटी। यह सुनने में भले ही अजीब लगे, लेकिन ग्रामीणों का दावा है कि यह परंपरा करीब 400 सालों से चली आ रही है



और आज भी लोग इस पर पूरा भरोसा करते हैं.

यह कहानी झारखंड के लोहरदगा जिले में स्थित खुखरा गांव की है. वैसे तो गर्भ में लिंग जांच करना कानूनन अपराध है, लेकिन इस गांव की मान्यता कुछ अलग ही है. यहां लोगों का विश्वास है कि एक पहाड़ पर बनी चांद जैसी आकृति से यह पता चलता है कि गर्भ में पल रहा बच्चा लड़का होगा या लड़की. बताया जाता है कि इस परंपरा की शुरुआत नागवंशियों के अंतिम शासक राज चिंतामणि शरण नाथ शाहदेव के समय में हुई थी

इस परंपरा के अनुसार महिलाएं एक तय दूरी से उस पहाड़ की आकृति पर पत्थर फेंकती हैं. अगर पत्थर चांद की आकृति के भीतर जाकर लगता है तो इसे लड़का होने का संकेत माना जाता है, जबकि पत्थर बाहर की सतह पर लगे तो लड़की होने की मान्यता है.

गांव के लोग इस परंपरा को पूरे विश्वास के साथ निभाते हैं और उनका दावा है कि परिणाम भी अक्सर उसी के अनुसार सामने आता है, जिससे उनका भरोसा और मजबूत हो गया है. हालांकि, इस तरह की मान्यताओं की हम कोई पुष्टि या समर्थन नहीं करते.

# शाही मशरूम




मशरूम न सिर्फ सेहत के लिए अच्छे होते हैं, बल्कि जब इन्हें शाही अंदाज़ में बनाया जाता है, तो इनका स्वाद दोगुना हो जाता है। काजू और मलाई की रिच ग्रेवी में लिपटे मशरूम का हर निवाला आपके मुंह में घुल जाएगा। आइए, जानते हैं इस लाजवाब डिश की आसान रेसिपी.

### सामग्री

**मशरूम:** 200 ग्राम

**सब्जियां:** 2 बड़े प्याज, 2 टमाटर, अदरक-लहसुन का पेस्ट

**शाही टच के लिए:** 8-10 भीगे हुए काजू और 2 चम्मच ताजी मलाई या क्रीम

**मसाले:** हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और नमक स्वादानुसार

**खुशबू के लिए:** कसूरी मेथी और थोड़ा सा हरा धनिया

### बनाने की विधि

सबसे पहले कड़ाही में थोड़ा तेल गर्म करें। इसमें मोटे कटे हुए प्याज, टमाटर, अदरक, लहसुन और काजू डाल दें। इन्हें हल्का नरम होने तक पकाएं। जब ये ठंडा हो जाए, तो मिक्सी में पीसकर इसका एक मखमली पेस्ट बना लें।



यही पेस्ट आपकी सब्जी को वो गाढ़ापन और शाही स्वाद देगा।

अब कड़ाही में थोड़ा बटर या घी डालें। इसमें जीरा और एक तेजपत्ता डालें। अब तैयार किया हुआ पेस्ट इसमें डाल दें और उसे तब तक भूनें जब तक कि मसाले से तेल अलग न होने लगे। अब इसमें हल्दी, लाल मिर्च और धनिया पाउडर डालकर अच्छे से मिलाएं। महक अभी से ही पूरे घर में फैलने लगेगी।

अब ग्रेवी में कटे हुए मशरूम डालें और थोड़ा पानी मिलाकर ढक दें। इसे 5-7 मिनट तक धीमी आंच पर पकने दें ताकि मशरूम सारे मसालों को सोख ले। अंत में, इसमें ताजी मलाई, गरम मसाला और हाथों से क्रश की हुई कसूरी मेथी डालें।

आपका गरमा-गरम शाही मशरूम तैयार है। इसे हरे धनिये से सजाएं।

# हफ्ते में 150 मिनट की एक्सरसाइज से एक साल तक 'जवान' हो सकता है दिमाग?

अक्सर हम अपने चेहरे की चमक और शरीर की फिटनेस को बनाए रखने के लिए जिम में घंटों पसीना बहाते हैं। हम सभी चाहते हैं कि हम अपनी उम्र से छोटे दिखें, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आपके दिमाग की उम्र क्या है? क्या उसे भी जवान रखा जा सकता है?

इस सवाल का जवाब एक नए और रोमांचक शोध ने दिया है। वैज्ञानिकों ने पाया है कि जिस तरह कसरत आपकी मांसपेशियों को कसती है, ठीक उसी तरह एरोबिक एक्सरसाइज आपके ब्रेन को 'बायोलॉजिकल' रूप से यंग बना सकती है। यह खबर उन सभी लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण है जो बुढ़ापे में भी अपनी याददाश्त को तेज रखना चाहते हैं। स्पोर्ट एंड हेल्थ साइंस जर्नल में प्रकाशित और एडवेंट हेल्थ रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए एक अध्ययन में यह पाया गया कि जो वयस्क नियमित रूप से व्यायाम करते हैं, उनका दिमाग व्यायाम न करने वालों की तुलना में अधिक युवा और स्वस्थ रहता है।

आसान शब्दों में कहें तो, शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों ने एक साल तक नियमित व्यायाम किया, उनका मस्तिष्क अपनी वास्तविक उम्र से लगभग एक साल छोटा (युवा) दिखाई दिया। इसका सीधा असर आपकी याददाश्त, सोचने की क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

### ■ कैसे हुआ यह शोध?

इस अध्ययन को विशेष रूप से 26 से 58 वर्ष की आयु के 130 स्वस्थ वयस्कों पर किया गया। यह 'अधेड़ उम्र' का समय इसलिए चुना गया क्योंकि यही वह वक्त होता है जब हम भविष्य की बीमारियों को रोकने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

### ■ शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को दो समूहों में बांटा:

**व्यायाम समूह:** जिन्होंने मध्यम से तीव्र एरोबिक व्यायाम किया।



**कंट्रोल समूह:** जिन्होंने सामान्य जीवनशैली अपनाई और कोई विशेष व्यायाम नहीं किया।

### ■ दिमाग की उम्र का पता कैसे चला?

वैज्ञानिकों ने प्रतिभागियों के मस्तिष्क की जांच के लिए एमआरआई स्कैन का उपयोग किया। इससे 'ब्रेन-पीएडी' का मापन किया गया, जो यह बताता है कि आपकी असली उम्र के मुकाबले आपका दिमाग कितना बूढ़ा या जवान दिख रहा है।

अध्ययन के प्रमुख लेखक डॉ. लु वान के अनुसार, ₹व्यायाम केवल 12 महीनों में मस्तिष्क को जैविक रूप से युवा बना सकता है।₹

### ■ क्या थी व्यायाम की दिनचर्या?

मस्तिष्क को जवान बनाने के लिए बहुत अधिक कसरत की जरूरत नहीं थी। व्यायाम समूह के लोगों ने सप्ताह में लगभग 150 मिनट की एरोबिक गतिविधि की। इसमें शामिल था: प्रयोगशाला में सप्ताह में दो बार 60-60 मिनट के सत्र। घर पर किया गया अतिरिक्त व्यायाम।

### ■ हैरान करने वाले नतीजे

एक साल के बाद जब दोबारा जांच की गई, तो परिणाम स्पष्ट थे:

**व्यायाम करने वालों का फायदा:** उनके मस्तिष्क की जैविक उम्र में लगभग 0.6 वर्ष की कमी आई। यानी उनका दिमाग पहले से जवान हो गया।

**व्यायाम न करने वालों का नुकसान:** दूसरे समूह के लोगों का दिमाग लगभग 0.35 वर्ष अधिक बूढ़ा दिखाई दिया।

### ■ भविष्य के लिए क्यों जरूरी है यह आदत?

यह शोध बताता है कि अगर हम समय रहते व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें, तो बुढ़ापे में होने वाली गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं। मस्तिष्क की जैविक उम्र को धीमा करने से भविष्य में संज्ञानात्मक गिरावट और डिमेंशिया जैसे खतरों को कम या विलंबित किया जा सकता है।

## आज का राशिफल

**मेष** : धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी।

**वृषभ** : आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा। आपसी विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** : धन लाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं।

**कर्क** : पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

**सिंह** : अप्रत्याशित लाभ होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएं क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या** : पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। व्यापार में सफलता मिलेगी।

**तुला** : दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूंजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

**वृश्चिक** : नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। योजना फलीभूत होगी।

**धनु** : कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे।

**मकर** : संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** : लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

**मीन** : प्रसन्नता रहेगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बेहद चमत्कारी है कच्चा लहसुन!

### ■ टेस्टोस्टेरोन लेवल कर देगा हाई, आयुर्वेद ने माना है लोहा

लहसुन को आयुर्वेद में औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है और इसका इस्तेमाल कई बीमारियों से निजात पाने में किया जाता है. भारतीय खानपान में लहसुन का काफी यूज किया जाता है, जिससे खाने का स्वाद और गुण दोनों बढ़ जाते हैं. आजकल लहसुन की चटनी का ट्रेंड भी बढ़ गया है और कई रेस्टोरेंट इस चटनी को खासतौर पर परोस रहे हैं. आयुर्वेद में कच्चे लहसुन को पुरुषों के लिए एक शक्तिशाली औषधि माना गया है.

यूपी के अलीगढ़ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पीयूष माहेश्वरी ने बताया कि कच्चा लहसुन खाना सेहत के लिए सबसे ज्यादा लाभकारी है. यह शरीर की अग्नि यानी पाचन शक्ति को मजबूत करता है और वात-कफ दोष को संतुलित करने में मदद करता है. इसमें मौजूद सल्फर यौगिक शरीर से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक होते हैं. आयुर्वेद इसे रसायन यानी ऐसा तत्व मानता है, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाता है और उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करता है. लहसुन का सही तरीके से सेवन किया जाए, तो आप लंबी उम्र तक जवां रह सकते हैं.

आयुर्वेद एक्सपर्ट ने बताया कि पुरुषों के लिए कच्चा लहसुन



नेचुरल टॉनिक माना गया है, जो शरीर की ताकत और एनर्जी को बढ़ाता है. कच्चा लहसुन रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन और पोषक तत्व सही मात्रा में पहुंचते हैं. इसका सेवन करने से पुरुषों की कमजोरी, थकान दूर होती है और स्टैमिना बढ़ता है. यह पुरुषों के शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बढ़ाने में भी मददगार माना जाता है, जिससे पुरुषों का यौन स्वास्थ्य बेहतर होता है. मर्दों को सीमित मात्रा में कच्चा लहसुन जरूर खाना चाहिए. रोज 1-2 कली कच्चा लहसुन पर्याप्त माना जाता है. खाली पेट लेने से इसके फायदे बढ़ सकते हैं.

आयुर्वेद में कच्चे लहसुन को बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाने में मदद करने वाला माना गया है. लहसुन का सही तरीके से सेवन करने से हार्ट हेल्दी रहता है और दिल की बीमारियों का खतरा कम हो जाता है. यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में भी सहायक माना जाता है, जो आजकल पुरुषों में एक कॉमन समस्या बन चुकी है. लहसुन में प्राकृतिक एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर की बीमारियों से लड़ने की क्षमता यानी इम्यूनिटी को मजबूत बनाते हैं. बदलते मौसम में सर्दी-जुकाम, इंफेक्शन और सूजन से बचाव के लिए कच्चा लहसुन बहुत प्रभावी माना जाता है. कच्चा लहसुन बहुत लाभकारी होता है, लेकिन अगर आपको कोई बीमारी है या प्रेग्नेंसी है, तो इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर की सलाह लें.

# क्या जिंदगीभर लेनी पड़ती है BP की दवा?

हाई ब्लड प्रेशर की समस्या तेजी से बढ़ रही है और अब 20-30 साल के युवा भी इसका शिकार हो रहे हैं. चिंता की बात तो यह है कि तमाम लोग बीपी के मरीज बन जाते हैं, लेकिन उन्हें इस बीमारी का पता ही नहीं चलता है. डॉक्टर्स की मानें तो बीपी की समस्या बिना लक्षणों के बढ़ती रहती है, जिसकी वजह से लोग इससे अनजान रहते हैं. हालांकि यह एक बेहद गंभीर समस्या है, जो हार्ट अटैक और स्ट्रोक का कारण बन सकती है. इसलिए 20 की उम्र के बाद सभी लोगों को समय-समय पर बीपी चेक करना चाहिए, ताकि वक्त रहते बीमारी का पता चल सके और सही इलाज हो सके.

नई दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल के प्रिवेंटिव हेल्थ एंड वेलनेस डिपार्टमेंट की डायरेक्टर डॉ. सोनिया रावत ने बताया कि हाई ब्लड प्रेशर आजकल सबसे बड़ी समस्या बन चुका है. हाई बीपी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह अनकंट्रोल हो जाए, तो जानलेवा हो सकता है. समय-समय पर सभी को इसकी जांच करानी चाहिए और बीपी गड़बड़ हो, तो डॉक्टर से मिलकर ट्रीटमेंट कराना चाहिए. आमतौर पर बीपी कंट्रोल करने के लिए दवाएं दी जाती हैं और बीपी बढ़ने के कारणों की जांच की जाती है.

जब किसी व्यक्ति को पहली बार BP की दवा शुरू करनी पड़ती है, तो उसके मन में सबसे बड़ा डर यही होता है कि क्या अब यह दवा जिंदगीभर खानी पड़ेगी? कई लोग इसी डर के कारण दवा लेने से कतराने लगते हैं या कुछ दिनों बाद दवा अपनी मर्जी से बंद कर देते हैं. इस बारे में जब डॉक्टर का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि शरीर में चल रही गड़बड़ियों का संकेत होता है. खराब लाइफस्टाइल, ज्यादा नमक का सेवन, मोटापा, अत्यधिक तनाव, नींद की कमी, स्मोकिंग और शराब इसके मुख्य कारण हैं. कुछ मामलों में यह जेनेटिक भी होता है. जब ब्लड प्रेशर लंबे समय तक बढ़ा रहता है, तो यह दिल, दिमाग, किडनी और आंखों को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है. इसके लक्षण भी नजर नहीं आते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**मेजा।** रविवार की रात तेंदुआ कला गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही मायके पक्ष को हुई दिवंगत की मां सुमन गौड़ अपने परिजनों के साथ बेटी के घर पहुंच गई। बेटी को ससुरालवालों पर मार डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सुमन ने बताया कि उसकी बेटी सानू गौड़ की शादी तेंदुआ कला गांव निवासी लक्ष्मण धुरिया के साथ हुई है। वह हलवाई का कार्य करता है। उसकी बेटी के तीन बेटे छह वर्षीय रिषभ, चार वर्षीय ऋषि व डेढ़ वर्ष का एक बेटा रौनक है। रविवार की शाम साढ़े पांच बजे के लगभग उसकी बेटी सोनू 27 ने फोन पर बातचीत करते हुए बताया कि उसका पति लक्ष्मण व सास, ननद कई दिनों से लगातार झगड़ा कर मारपीट कर रहे हैं, यदि वह सभी उसे नहीं ले गए तो उसकी जांन जा सकती है।

### नाबालिग किशोरी लापता

**दोस्तपुर.** थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बुआ के घर रह रही 17 वर्षीया किशोरी बीते बुधवार की सुबह बिना कुछ बताए घर से निकल गई। जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का पता नहीं चल पाया। किशोरी के पिता का घर अम्बेडकर नगर जिले के एक गाँव में है। कई दिनों की तलाश के बाद भी कुछ पता न चलने पर थक-हारकर किशोरी की बुआ ने थाना दोस्तपुर पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराने की तहरीर दी।

### तस्करी की चांदी गायब करने,10 लाख वसूली में चार सिपाही लाइन हाजिर

**बहराइच.** पौने तीन किलोग्राम से अधिक तस्करी की चांदी गायब करने और तस्करों को छोड़ने के एवज में 10 लाख वसूली करने के आरोप में थाना रुपईडीहा में तैनात चार सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपों को गम्भीर माना है और जांच बैठा दी है। सिपाही अवकाश लेकर चले गए। सीओ नानपारा को जांच सौंपी गई है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र में 23 जनवरी की घटना बताई जा रही है जो सोशल मीडिया पर वायरल हुई।

### मुठभेड़ के दौरान लुटेरा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**बरेली.** कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान बाइक सवार लुटेरे को गिरफ्तार किया है। उसके पैर में लगी लगने के चलते पुलिस ने उपचार कराकर जेल भेज दिया है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि 19 जनवरी और 24 जनवरी को बाइक सवार बदमाश स्कूटी सवार दो महिलाओं के कुंडल छीनकर फरार हो गया था। जांच के दौरान सामने आया कि इस वारदात को कैंट में बालाजी धाम गौशाला गली निवासी बदमाश दिव्यांश वर्मा उर्फ अंकित ने अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। इसी बीच सोमवार रात करीब सवा 11 बजे चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह बाइक लेकर रेलवे कॉलोनी के जंगल में घुस गया।

### पेड़ बेचने पर जान से मारने की धमकी

**बनी तेरहमील।** पट्टी थाना क्षेत्र के रामपुर खागल गांव निवासी श्रीनाथ पांडेय ने विपक्षियों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पट्टी थाने में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 24 जनवरी की शाम करीब 4:30 बजे विपक्षियों ने उसे रास्ते में रोककर गालियां दीं और लाइसेंसी बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। बताया कि निजी भूमि में लगे चिलबिल के पेड़ को बेचने को लेकर विपक्षी रंजिश मान रहे हैं और लगातार उसे व उसके परिवार को धमका रहे हैं।

# देशभर में UGC के नए नियमों का विरोध, हेडक्वार्टर की सुरक्षा बढ़ी

## UP में सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजीं; सरकार बोली- कोई भेदभाव नहीं होगा

**नई दिल्ली.** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (UGC) के नए नियमों को लेकर विरोध तेज हो गया है। नई दिल्ली में UGC हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। प्रदर्शनकारियों को कैंपस के अंदर घुसने से रोकने के लिए बड़ी संख्या में बैरिकेड्स लगाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ, रायबरेली, वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज और सीतापुर में छात्रों, युवाओं और विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। रायबरेली में भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह और गौरक्षा दल के अध्यक्ष महेंद्र पांडेय ने सवर्ण सांसदों को चूड़ियां भेजी हैं।

यूपी में बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने




नए नियमों के विरोध में इस्तीफा दे दिया है। UGC के नए नियमों को लेकर कुमार विश्वास ने तंज कसा। सोशल मीडिया पर लिखा, 'चाहे तिल लो या ताड़ लो राजा, राई लो या पहाड़ लो राजा, मैं अभागा 'सवर्ण' हूं... मेरा रोंया-रोंया उखाड़ लो राजा।'

### UGC के नए नियमों का विरोध क्यों?

UGC ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इसका नाम है- 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026।' इसके तहत, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के के लिए विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने के निर्देश दिए हैं।

ये टीमें खासतौर पर SC, ST और OBC छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि, नियमों को जनरल कैटेगरी के खिलाफ बताकर विरोध हो रहा है।

आलोचकों का कहना है कि सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं। जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स का कहना है कि नए नियम कॉलेज या यूनिवर्सिटी कैंपसों में उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा दे सकते हैं। इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी।

# भारत-यूरोपियन यूनियन में 18 साल बाद ट्रेड डील



- इम्पोर्टेड लग्जरी कारों पर टैरिफ 110% से घटकर 10%
- प्रीमियम शराब पर 150% की जगह 20% टैक्स

**नई दिल्ली.** भारत और यूरोपियन यूनियन (EU) के बीच 18 साल की लंबी बातचीत के बाद मंगलवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (FTA) हो गया है। भारत और यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने मंगलवार को 16वें भारत-EU समिट के दौरान इसका ऐलान किया।

न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक इस समझौते को 2027 में लागू किए जाने की संभावना है। इस डील के बाद भारत में यूरोपीय कारें जैसे कि BMW, मर्सिडीज पर लगने वाले टैक्स को 110% से घटाकर 10% कर दिया जाएगा।

इसके अलावा भारत में यूरोप से आने वाली शराब और वाइन पर टैक्स कम हो सकता है। यूरोपीय देशों की शराब पर अभी 150% टैरिफ लगता है। इसे घटाकर 20–30% किया जाएगा। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि EU दूसरी सबसे बड़ी। दोनों मिलकर वैश्विक GDP का करीब 25% और दुनिया के कुल व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा रखते हैं।

# जम गया आधा अमेरिका

- आइसक्वेक ने ऐसा मचाया कहर कि हजारों उड़ानें रद्द
- 30 लोगों की मौत

**वाशिंगटन.** अमेरिका में इन दिनों आइसक्वेक यानी हिम भूकंप आने से भारी तबाही मच गई है। अमेरिका के पूर्वोत्तर भाग में सोमवार को बर्फीले तूफान के कारण कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई है। तूफान के आखिरी चरण के असर से और बर्फबारी हुई और दक्षिण के कुछ हिस्सों में जमा देने वाली बारिश से परेशानी बनी हुई है और लाखों लोग सोमवार को बिजली के बिना ठंड में ठिठुरते रहे।

अर्कांसस से न्यू इंग्लैंड तक 2,100 किलोमीटर के क्षेत्र में एक फुट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ



जम जाने के कारण सोमवार को सड़क यातायात बाधित हुआ, उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और स्कूल बंद हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि पिट्सबर्ग के उत्तरी इलाकों में 20 इंच तक बर्फ पड़ी और तापमान शून्य से 31 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अधिकारियों ने बताया कि इस तूफान के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। पावरआउटेज डॉट कॉम के मुताबिक देश में सोमवार दोपहर तक 7,50,000 से अधिक जगहों पर बिजली गुल रही।

## मौलाना-मौलवी के खिलाफ नहीं चलेगा कोई मुकदमा

अफगानिस्तान में तालिबानी प्रशासन ने अपनी अदालतों के लिए एक निर्देश जारी कर दिया है जिसको लेकर बवाल शुरू हो गया है। अफगानिस्तान की सरकार ने 'क्रिमिनल प्रोसीजर कोड फॉर कोर्ट' के तहत निर्देश जारी करते हुए कहा है कि देश में मुल्ला और मौलवियों पर केस नहीं चलाए जाएंगे।इसके अलावा इस कोड के आर्टिकल 9 के तहत अफगान सोसाइटी को चार वर्गों में बांट दिया गया है। इसमें सबसे ऊपर मुल्ला और मौलवी होंगे। इस निर्देश में कहा गया है कि मुस्लिम धर्म गुरु अगर कोई भी अपराध करते हैं तो उनपर मुकदमा नहीं दर्ज किया जाएगा।

# आज से संसद का बजट सत्र

- मनरेगा-SIR समेत इन मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष
- आज बैठक में क्या हुआ

**नई दिल्ली.** संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है, जिसके हंगामादार होने के आसार हैं। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को कहा कि मनरेगा, मोदी सरकार की विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण और जनहित के कई अन्य विषयों को उठाया जाएगा। बताया जा रहा है कि विपक्ष SIR पर और चर्चा चाहता है। सरकार की ओर से आज बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र को



लेकर चर्चा की गई, हालांकि कांग्रेस ने इसे लेकर विरोध दर्ज कराया कि सरकार ने कोई विधायी एजेंडा सामने नहीं रखा है।

सरकार का कहना है कि एजेंडा बाद में दिया जाएगा, क्योंकि सत्र का पहला भाग राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और केंद्रीय बजट पर चर्चा पर केंद्रित होगा। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार संविधान से मिले अधिकारों को खत्म कर रही है और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा, ''विपक्ष विदेश नीति का विषय भी उठाएगा। हमारी विदेश नीति कहां पहुंच गई? कोई हमारे साथ खड़ा नहीं है। हमें यह भी नहीं पता चल रहा कि किसके साथ चलें, कौन हमारे साथ चलेगा।''

प्रमोद तिवारी का कहना था कि सरकार की आर्थिक नीति की बात करें तो रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा, ''अमेरिका की ओर से लगातार टैरिफ जारी है और रूसी तेल (की खरीद) का मुद्दा भी है। दिल्ली और दूसरी जगहों पर हमने वायु प्रदूषण का जो सबसे भयानक रूप देखा है, उसे देखते हुए हम यह मुद्दा भी उठाएंगे... हम इंदौर में दूषित पानी से होने वाली मौतों का मुद्दा भी उठाएंगे।''

# बदरी-केदार में भी गैर हिंदू बैन!

- ऑल इंडिया मुस्लिम जमात ने दी चेतावनी

**देहरादून.** उत्तराखंड में बदरीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में अब गैर हिंदुओं का प्रवेश वर्जित हो जाएगा। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने धर्मस्थलों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने इस कदम को साम्प्रदायिक सौहार्द और देश की एकता के लिए हानिकारक करार दिया। चेतावनी दी कि इससे चरमपंथी विचारों को बढ़ावा मिलेगा। इस कदम को लेकर इसलिए भी विवाद उठ रहा है, क्योंकि उत्तराखंड के राज्यपाल




लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह भी अक्सर मंदिरों के दर्शन के लिए जाते रहे हैं।

मौलाना रजवी ने कहा कि ऐसे कदम हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को कमजोर करते हैं और समाज में फूट डालने वाले चरमपंथी विचारों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, "भारत में कुछ लोग साम्प्रदायिक मानसिकता के साथ अजीब नजारा पेश कर रहे हैं। जब भी कोई हिंदू त्योहार या मेला शुरू होता है, पहले से बोर्ड लगाया जाता है कि मुसलमानों को प्रवेश नहीं मिलेगा। हाल ही में गंगोत्री धाम में समिति ने घोषणा की कि मुसलमानों को प्रवेश नहीं मिलेगा।"

उन्होंने चेतावनी दी कि अब यही नियम केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में लागू करने की योजना है। उन्होंने कहा, "ऐसे कदम और भावनाएँ चरमपंथी मान्यताओं को बढ़ावा देती हैं और उन लोगों को ताकत देती हैं, जो राष्ट्र को कमजोर करने, हिंदू-मुस्लिम भाईचारे को तोड़ने और समाज में विभाजन फैलाने के उद्देश्य रखते हैं। ऐसे लोग समाज के दुश्मन हैं।"

## कांग्रेस की एक और बैठक से नदारद रहे शशि थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर से पार्टी की एक अहम बैठक से दूर नजर आए हैं। आगामी बजट सत्र से पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिल्ली स्थित आवास पर हुई बैठक में पार्टी के तमाम बड़े नेता उपस्थित हुए। पार्टी की तरफ से आयोजित इस बैठक में बजट सत्र के लिए सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जानी थी। कांग्रेस पार्टी इस बार एसआईआर, बजट, जी राम जी जैसे मुद्दों पर सरकार को निशाना बनाने वाली है। सोनिया गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व गृहमंत्री पी चिदंबरम, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी और मनीष तिवारी मौजूद रहे।

# 'जिसे हादसा समझा, वो हत्या निकली'

- दोस्त ने दोस्त को दो बार कार से कुचलकर मार डाला

**बेंगलुरु.** बेंगलुरु के इलेक्ट्रॉनिक सिटी स्थित अनंतनगर रोड पर रविवार देर शाम एक ऐसी घटना घटी जिसे शुरुआत में एक साधारण सड़क हादसा माना जा रहा था। लेकिन पुलिस की सूझबूझ और कार में लगे डैशकैम ने इसे एक नृशंस हत्याकांड साबित कर दिया। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी एसयूवी (SUV) कार का इस्तेमाल कर अपने ही दोस्त को मौत के घाट उतार दिया।

मुख्य आरोपी और मृतक की पहचान

मृतक की पहचान 33 वर्षीय प्रशांत एम के रूप में हुई है। वह वीरासंद्रा (इलेक्ट्रॉनिक सिटी) का निवासी था। वहीं आरोपी का नाम रोशन हेगड़े है और वह विग्ननानगर (मूल निवासी- उडुपी जिला) का है। आरोपी रोशन डोमलुर स्थित एक फर्म में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। पुलिस के मुताबिक, दोनों आपस में दोस्त थे।

### डैशकैम में कैद खौफनाक मंजर



टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, डैशकैम की फुटेज से साफ हुआ कि यह कोई हादसा नहीं था, बल्कि जानबूझकर की गई हत्या थी। फुटेज में दिखा कि प्रशांत गाड़ी के बाहर बाईं तरफ (फुटबोर्ड पर) लटक रहा था और उसने खिड़की पकड़ रखी थी। आरोपी रोशन ने गाड़ी रोकने के बजाय करीब 600 मीटर तक गाड़ी चलाई। रोशन ने जानबूझकर गाड़ी की रफ्तार बढ़ाई और प्रशांत को मारने के लिए पहले एसयूवी को एक कंपाउंड की दीवार से टकराया। इसके बाद उसने गाड़ी बैक की और दोबारा उसे एक पेड़ से टकरा दिया। इन दो जबरदस्त टक्करों में प्रशांत बुरी तरह कुचल गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### कैसे हुआ मामले का खुलासा?

रविवार शाम को एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी कि अनंतनगर रोड पर एक सड़क हादसा हुआ है। पुलिस ने इसे एक्सीडेंट मानकर कार्रवाई शुरू की और घायल आरोपी रोशन को अस्पताल पहुंचाया। मामले में मोड़ तब आया जब इलेक्ट्रॉनिक सिटी के डीसीपी (DCP) एम नारायण की नजर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी पर लगे डैशकैम पर पड़ी। शक होने पर उन्होंने फुटेज की जांच के आदेश दिए।

# हार्दिक के इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 साल पूरे

- इमोशनल पोस्ट किया, लिखा- यह तो केवल शुरुआत है

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने मंगलवार को इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था।

पंड्या ने इस उपलब्धि को एक इमोशनल पोस्ट के जरिए शेयर करते हुए कहा कि यह दौर उनके लिए केवल शुरुआत है और वे अभी भी अपने करियर के अगले स्टेज की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने लिखा कि 10 साल की यह यात्रा उनके लिए सीख, संघर्ष और उपलब्धियों से भरी रही है, और वे देश के लिए खेलते हुए आगे भी और योगदान देना चाहते हैं।

### आप सभी को मेरा प्यार

पंड्या ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा है, आप सभी को मेरा प्यार, हर चीज के लिए धन्यवाद। धन्यवाद भगवान, उन सभी मुश्किलों और चुनौतियों के लिए जिनकी वजह से मैं यहां तक पहुंच पाया हूं। उन सभी लोगों के भरोसे के लिए। इस जिंदगी को जीने का मौका देने के लिए। इन सालों ने मुझे सिखाया है कि यह तो बस शुरुआत है। मैंने उन रास्तों पर अभी चलना शुरू ही किया है, जिस पर सचमुच में मैं



चलना चाहता हूं।

### टी-20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम का हिस्सा रहे

उनके करियर में कई उपलब्धियां शामिल हैं। पंड्या ने भारत की टीम को 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में योगदान दिया, जहां उन्होंने कई अहम पारियां और गेंदबाजी प्रदर्शन दिए। दाहिने हाथ के इस ऑलराउंडर ने पिछले एक दशक में एक प्रभावशाली सफर तय किया है। बड़ौदा से शुरुआत करते हुए राष्ट्रीय टीम का अहम हिस्सा बनने तक। उन्होंने कई मौकों पर टीम इंडिया को जीत दिलाई है और बड़े टूर्नामेंटों में अपनी क्षमताओं का लोहा मनवाया है।

# हिसार के पर्वतारोही का वर्ल्ड रिकॉर्ड

- यूरोप की सबसे ऊंची चोटी पर बिना ऑक्सीजन 24 घंटे बिताए
- 8 साल की मेहनत

हरियाणा के पर्वतारोही ने यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस पर बिना ऑक्सीजन के 24 घंटे बिता दिए। हिसार के गांव मलापुर के रोहताश खिलेरी ने 18,510 फीट की ऊंचाई पर बिना किसी ऑक्सीजन सपोर्ट के लगातार 24 घंटे बिताने के बाद खुद वीडियो शूट किया।

रोहताश ने दावा किया कि यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है और वह ऐसा कारनामा करने वाले दुनिया के पहले इंसान हैं। वह 8 साल से पर्वतारोहण कर रहे हैं।

20 जनवरी को रोहताश जब माउंट एल्ब्रुस पर्वत पर थे, तब वहां का तापमान -40°C से -50°C तक था। 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी। बता दें कि रोहताश के पिता सुभाष चंद्र किसान हैं जबकि माता बंसी देवी गृहिणी हैं।

### 8 साल का कड़ा संघर्ष और 2 उंगलियों की कुर्बानी



रोहताश ने सोशल मीडिया पर अपने एक्सप्रेशन शेयर करते हुए बताया कि यह जीत आसान नहीं थी। उनका यह सफर 2018 में शुरू हुआ था। 2020 में एक गाइड की जान बचाने के लिए उन्हें मिशन बीच में छोड़ना पड़ा और 2023 में खराब मौसम ने रास्ता रोका। इस ऐतिहासिक मिशन के दौरान रोहताश को फ्रॉस्ट बाइट का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्होंने अपनी 2 उंगलियां गंवा दीं, लेकिन उनके हौसले नहीं डिगे। इससे पहले बाबू चिरी शेर्पा ने 1999 में माउंट एवरेस्ट के शिखर पर बिना ऑक्सीजन के 21 घंटे बिताए थे, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड बना।

### मौत को मात देकर फहराया तिरंगा

पर्वतारोही ने बताया कि शिखर पर स्थिति बेहद भयावह थी। तापमान -40°C से -50°C तक था। कोई भी साथी इतनी ठंड में साथ रुकने को तैयार नहीं था, रोहताश वहां अकेले डटे रहे। रोहताश ने अपनी इस कामयाबी को तिरंगे की शान और देशवासियों को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि एवरेस्ट की ट्रेनिंग ने उन्हें इस जानलेवा ठंड में जीवित रहने और इतिहास रचने की ताकत दी।

# प.बंगाल में दो गोदामों में आग, 8 की मौत

- कई मजदूर के फंसे होने की आशंका

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में सोमवार सुबह दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही।

शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है।

### चार मजदूरों ने भागकर जान बचाई

शुरुआत में 6 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी, लेकिन परिजनों का कहना है कि यह संख्या 10 से ज्यादा हो सकती है। गोदाम में एक डेकोरेटिंग कंपनी और एक लोकप्रिय मोमो चेन के मजदूर काम करते थे, जो वहीं अस्थायी कमरों में रहते थे।

# गोवा में इंडिया एनर्जी वीक का उद्घाटन

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इंडिया एनर्जी वीक (IEW) 2026 के चौथे एडीशन का उद्घाटन किया। पीएम ने अपने वर्चुअल मैसेज के जरिए कहा कि एनर्जी सेक्टर के लिए भारत मौकों की जमीन है, क्योंकि इसमें मांग तेजी से बढ़ रही है।

उन्होंने कहा- भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसका मतलब है कि यहां एनर्जी प्रोडक्ट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा, भारत दुनिया की मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन मौके देता है।

अपने मैसेज में पीएम ने



इंडिया-EU फ्री ट्रेड डील की भी चर्चा की। उन्होंने कहा- भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते का पूरक है। यह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देगा, सेवाओं को सपोर्ट करेगा। इसे मदर ऑफ ऑल डील्स कहा जा रहा है। यह समझौता ग्लोबल GDP का लगभग 25% और ग्लोबल ट्रेड का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है।


## आम सूचना

मैं श्री सुनील चुनीलाल लालवानी उम्र 42 वर्षीय सभी को सूचित कर रहा हूं कि तीसरा माला, गुरुनानक मार्केट, यू.नं. 258, सेक्शन 7ए, उल्हासनगर- 421001. इस जायदाद के कागजात जिसमें ओरिजनल सेल एग्रीमेंट है। यह ओरिजनल सेल एग्रीमेंट घर बदल व प्रवास के दौरान कहीं खो गई है। अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त जायदाद की ओरिजनल सेल एग्रीमेंट मिलती है तो वो उपरोक्त दिए गए पत्ते पर संपर्क करें अन्यथा इस आम सूचना के प्रकाशित होने के सात दिनों बाद इस ओरिजनल कागजात को दोबारा बनाया जाएगा।

सही/-
**श्री सुनील चुनीलाल लालवानी**
फोनः 87666 22545

## आम सूचना

हम श्रीमती ज्योती देवराव यशवंते व कु. सुमीत देवराव यशवंते सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम रमाबाई आंबेडकर नगर, ओटी सेक्शन, विठ्ठल मंदिर रोड, उल्हासनगर- 2 (टैक्स नं. 19बीओ016220100) उक्त प्रॉपर्टी श्री देवराव विनायक यशवंते के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 27.1.2026 सी.नं. 390/2026 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती ज्योती देवराव यशवंते व कु. सुमीत देवराव यशवंते**

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती उषा देवीदास चौधरी सभी को सूचित कर रही हूं कि श्री देवीदास सुखदेव चौधरी का देहांत 21 अप्रैल 2021 को हो गया है. उनके नाम पर मोटरसाइकिल नं. एमएच 05 एडब्ल्यू 1597 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त मोटरसाइकिल पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मोटरसाइकिल नं. एमएच 05 एडब्ल्यू 1597 मेरे श्रीमती उषा देवीदास चौधरी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती उषा देवीदास चौधरी**
आशेले पाडा, यशवंत विद्यालय के पास, उल्हासनगर-4

## संक्षेप...

### मुंबई मेट्रो में स्टंट करना पड़ा भारी



### वरुण धवन को मिली चेतावनी, यूजर्स बोले- बॉर्डर 2 की खुशी?

**मुंबई.** इन दिनों अपनी नई फिल्म 'बॉर्डर 2' की सफलता का आनंद ले रहे वरुण धवन एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं. लेकिन इस बार वजह उनकी फिल्म नहीं, बल्कि मुंबई मेट्रो के अंदर किया गया एक स्टंट है. सोशल मीडिया पर वरुण के कुछ वीडियो वायरल हुए, जिनमें वो मेट्रो कोच के अंदर पुल-अप्स करते हुए नजर आ रहे हैं. इसके बाद वो विवाद में फंस गए.

वरुण का वीडियो खूब वायरल हो रहा है. ये बात शनिवार की बताई जा रही है, जब वरुण मुंबई के भारी ट्रैफिक से बचने के लिए मेट्रो से सफर करते हुए अचानक एक थिएटर पहुंचे थे. उन्होंने खुद मेट्रो के अंदर से एक वीडियो शेयर किया था और फैन्स से पूछा था कि वो किस सिनेमा हॉल जा रहे हैं. इसके कुछ ही देर बाद सोशल मीडिया पर ऐसे वीडियो सामने आए, जिनमें वरुण मेट्रो के अंदर लोहे की रॉड से लटककर एक्सरसाइज करते दिखे, जबकि आसपास दूसरे यात्री भी मौजूद थे.

इसके बाद मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (MMMOCL) ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वही वीडियो शेयर करते हुए एक सेफ्टी मैसेज जारी किया.

कैप्शन में लिखा गया- इस वीडियो के साथ आपकी एक्शन फिल्मों की तरह एक डिस्क्लेमर होना चाहिए था, वरुण धवन, कृपया महा मुंबई मेट्रो में ऐसा करने की कोशिश न करें.

# भिवंडी मनपा आयुक्त छुट्टी पर महापौर चुनाव में देरी के आसार

**भिवंडी.** भिवंडी मनपा महापौर चुनाव के पूर्व ही मनपा आयुक्त अनमोल सागर एक सप्ताह की लंबी छुट्टी पर जा चुके हैं.आयुक्त अनुपस्थिति होने से महापौर चुनाव संबंधित पत्र कोंकण आयुक्त को नहीं दिए जाने से अन्य महापालिकाओं की अपेक्षा भिवंडी मनपा महापौर चुनाव लंबा खिसकने के आसार हो गए हैं.महापौर चुनाव के ऐन वक्त आयुक्त का ऐन मौके पर छुट्टी पर जाना और किसी अन्य अधिकारी को चार्ज नहीं देने से आईएएस अधिकारी की कार्यप्रणाली और प्रशासनिक सूझबूझ पर भारी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा चुनाव परिणाम 16 जनवरी को घोषित हुआ था. नगर विकास मंत्रालय के नियम के



अनुसार,भिवंडी मनपा चुनाव में बहुमत के आंकड़े वाले राजनीतिक दल ही महापौर का चुनाव करते हैं. भिवंडी मनपा में कांग्रेस सर्वाधिक नगरसेवकों (30) की और भाजपा महायुति (35) नगरसेवकों की पार्टी है. भिवंडी मनपा में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिलने से महापौर पद की चाभी अन्य दलों के पास है. 90 नगरसेवकों की भिवंडी मनपा में किसी भी राजनीतिक दल को महापौर बनाने की खातिर 47 नगरसेवकों की जरूरत है.मनपा चुनाव में राष्ट्रवादी शरद पवार 12 और सपा 6 सीटों को लेकर ही महापौर चुनाव में मुख्य भूमिका निभाएंगी,ऐसा शहरवासियों का कहना है.

### आयुक्त की मंशा पर उठ रहे गंभीर सवाल

कई नगरसेवकों का कहना है कि,महापौर चुनाव के ऐन मौके पर ही आयुक्त अनमोल सागर का छुट्टी पर जाना उनकी प्रशासनिक सूझबूझ और कार्यशैली पर भारी संदेह पैदा करता है .ऐसा लगता है कि,आयुक्त अनमोल सागर महापौर बनाने वाले दलों से मिलीभगत कर उन्हें अधिक समय देकर फायदा पहुंचाने की नीयत से बगैर किसी को आधिकारिक चार्ज सौंपे ही लंबी छुट्टी पर गए हैं .आयुक्त अनमोल सागर द्वारा महापौर चुनाव संबंधित पत्र कोंकण विभागीय आयुक्त को नहीं भेजने से भिवंडी मनपा महापौर चुनाव अन्य महानगरपालिकाओं की अपेक्षा देरी से होने के आसार दिखाई देने लगा है . महापौर चुनाव में होने वाले बिलंब को देखते हुए महापौर चुनाव में नगरसेवकों की जोरदार हॉर्स ट्रेडिंग शुरू हो चुकी है .महापौर चुनाव में हो रहे बिलंब से चुनाव में भारी भ्रष्टाचार होने की आशंका को कदापि नकारा नहीं जा सकता है . भारी लेनदेन से मनपा महापौर की बिसात बिठाने के लिए कांग्रेस, राष्ट्रवादी, सपा के अधिसंख्यक नगरसेवक मोबाइल आफ कर नाट रिचेबल हो चुके हैं . प्रदेश की तमाम मनपा में महापौर चुनाव की तारीखें फरवरी के पहले सप्ताह में कोंकण विभागीय आयुक्त द्वारा घोषित कर दी गई हैं .भिवंडी मनपा महापौर का चुनाव कब होगा,लोगों की निगाहें टिकी हैं .

### एकनाथ शिंदे और श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन पर 1 लाख नोटबुक का वितरण

**ठाणे.** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे और युवा सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के जन्मदिन के मौके पर, युवा सेना के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्वेश सरनाईक ओवला माजीवाड़ा के स्कूल स्टूडेंट्स को 1 लाख नोटबुक बांटेंगे। यह वितरण 31 जनवरी 2026 से 1 फरवरी 2026 तक किया जायेगा।

31 जनवरी को शाम 6 बजे से 9 बजे के बीच, शिवसेना शाखा क्रमांक 10 लोकमान्य नगर पाड़ा क्रमांक 4, शिवसेना शाखा पाड़ा क्रमांक 2 लोकमान्य नगर, शिवसेना शाखा वर्तक नगर, शिवसेना शाखा भीम नगर, शिवसेना शाखा शिवाई नगर, शिवसेना शाखा कोंकणी पाड़ा, शिवसेना शाखा वसंत विहार आदि में नोटबुक वितरित की जाएंगी।

1 फरवरी को, शिवसेना शाखा नलपाड़ा, शिवसेना शाखा गांधीनगर, शिवसेना शाखा माजीवाडा गाँव, श्री हनुमान मंदिर वाघबिल, सरस्वती शिवसेना शाखा आनंदनगर, श्री हनुमान मंदिर, ओवाला में नोटबुक वितरित की जाएंगी।

# संतोष शेट्टी बने भिवंडी मनपा में भाजपा गट नेता



**भिवंडी.** महाराष्ट्र प्रदेश भाजपाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने एक पत्र जारी कर वरिष्ठ नगरसेवक व पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष शेट्टी को भाजपा पार्टी गट नेता नियुक्त करने का निर्देश दिया है.भिवंडी भाजपा मनपा चुनाव में 22 नगरसेवकों को निर्वाचित करके दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. भिवंडी मनपा चुनाव में भाजपा से निर्वाचित वरिष्ठ पार्षदों संतोष शेट्टी, प्रकाश टावरे, नीलेश चौधरी, नारायण चौधरी, यशवंत टावरे, सुमित पाटिल और वैभव भोइर ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक बैठक में मनपा गट नेता पद के लिए अपना नामांकन प्रस्तुत कर अपना दावा पेश किया था. विधायक महेश चौघुले और जिलाध्यक्ष रवि सावंत ने गट नेता चयन का निर्णय राज्य के वरिष्ठ नेताओं को सौंप दिया था. संतोष शेट्टी लगातार छठी बार नगरसेवक का चुनाव जीत चुके हैं और आठ वर्षों तक भाजपा जिलाध्यक्ष रह चुके हैं.पार्टी को उनके अनुभव से निश्चित रूप से लाभ होगा. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सिफारिश पर भाजपा प्रदेशध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने संतोष शेट्टी के नाम को प्राथमिकता दी. भिवंडी भाजपा जिला अध्यक्ष रवि सावंत को पत्र लिखकर स्पष्ट किया है कि मनपा गट नेता पद के लिए संतोष शेट्टी का नाम तय किया गया है. संतोष शेट्टी ने पार्टी शीर्ष नेताओं का आभार प्रकट करते हुए दावा किया कि, भाजपा शहर में नंबर एक की पार्टी होगी.

# भिवंडी में उप्र स्थापना दिवस मनाया गया



**भिवंडी.** भिवंडी में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था (रजि.) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हजारों उत्तर भारतीय पुरुष, महिला, और युवकों की भारी भीड़ उमड़ी. मानसरोवर का महाराजा ग्राउंड खचाखच भर गया.सैकड़ों लोग खड़े होकर प्रसिद्ध भोजपुरी व अवधी गायक दीपक सुहाना नाइट के सामाजिक व संस्कृति रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद ले रहे थे. उक्त मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल, भाजपा विधायक सुरेन्द्र उपाध्याय, विधायक महेश चौघुले, शिवसेना पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे, नगरसेवक मनोज काटेकर, सपा प्रदेश उपाध्यक्ष अजय लाला यादव, भिवंडी भाजपा अध्यक्ष रविकांत सावंत आदि मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे. विभिन्न राजनीतिक दलों के नवनिर्वाचित नगरसेवक बालाराम चौधरी, निलेश चौधरी, सुमित पाटिल, राजू चौघुले, क्षमा मनोज सिंह, नितेश ऐनकर, राजेश शेट्टी, मेहुल पाटिल, गीता बिठोबा नाईक, एड वैभव भोईर, भाजपा महिला भिवंडी अधक्ष कल्पना शर्मा,भिवंडी सपाध्यक्ष अनस अंसारी शहर शिवसेना उबाठा प्रमुख मनोज गगे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि,उत्तर भारतीय समाज सेवा संस्था, भिवंडी (रजि.) की तरफ से मानसरोवर महाराजा ग्राउंड में पहली बार उत्तरप्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में उ.भा समाज के डाक्टर, प्रिंसिपल, वकील और पत्रकार के साथ विभिन्न जाति समाज के अध्यक्षों का स्वागत संस्था अध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह, एड प्रवीण मिश्रा,मनोज सिंह, उदयराज सिंह, रामशंकर केसरवानी, सदाप्रकाश सिंह, बालमुकुंद शुक्ला, एड. आर. आर. त्रिपाठी, सलाहकार अनिल सिंह, डा. स्वाति सिंह,अजीत सिंह ने स्मृतिचिन्ह, पुष्पगुच्छ, गमछा देकर किया.कार्यक्रम का संचालन महासचिव संजय दुबे और आभार प्रदर्शन जितेंद्र तिवारी ने किया.

### मालवणी में सिलेंडर ब्लास्ट, 7 लोग झुलसे

**मुंबई.** मालाड इलाके में मंगलवार को सुबह अचानक गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इस घटना में छह लोगों के घायल होने की जानकारी भी सामने आई है। नगर निकाय अधिकारियों ने घायलों के बारे में जानकारी दी। सभी घायलों की हालत गंभीर है। वहीं घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मलाड (पश्चिम) के मालवणी इलाके में भारत माता स्कूल के पास यह धमाका हुआ। जानकारी के मुताबिक यहां एक चॉल में सिलेंडर से संदिग्ध गैस रिसाव के बाद सुबह 9 बजकर 25 मिनट पर यह धमाका हुआ। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि सिलेंडर विस्फोट में छह लोग घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय निवासियों ने अस्पताल पहुंचाया।

# भिवंडी में अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने फहराया तिरंगा

### शहर में सर्वत्र गणतंत्र समारोह की रही धूम.

**भिवंडी.** 77 वें गणतंत्र दिवस मौके पर भिवंडी मनपा अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर तिरंगा को सलामी दी गई. उन्होंने शहरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी. उक्त अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) श्रीमती नयना सासने, मनपा उपायुक्त बालकृष्ण क्षीरसागर, मुख्य लेखाकार मयूर हिंगाने, जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनावर सहित तमाम अधिकारी मौजूद थे. झंडारोहण कार्यक्रम के बाद देश की संविधान की प्रस्तावना



पढ़ी गई. अतिरिक्त आयुक्त डाके द्वारा संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वंदन किया गया.मनपा मुख्यालय में ब्लड डोनेशन कैंप के हुए आयोजन में भारी संख्या में रक्तदाताओं ने रक्तदान किया.

प्रांत अधिकारी अमित सानप द्वारा प्रांत कार्यालय, रिमांड होम में किए गए झंडारोहण के दौरान बाल सुधार गृह सचिव दिलीप कलंत्री सहित शहर के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. भिवंडी पुलिस उपायुक्त कार्यालय में पुलिस उपायुक्त शशिकांत बारोटे और तहसील कार्यालय परिसर में तहसीलदार अभिजीत खोले ने झंडा फहराकर तिरंगे को सलामी दी.

शहर के तमाम शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, रहिवासी सोसाइटियों में झंडा फहराकर लोगों ने सलामी देते हुए राष्ट्र के सम्मान का प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगा को सलामी दी.

### मुंबई विश्वविद्यालय अंतरमहाविद्यालयीन सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में

# SST महाविद्यालय को स्वर्ण पदक

उल्हासनगर. उल्हासनगर स्थित एस.एस.टी. महाविद्यालय की पुरुष सॉफ्टबॉल टीम ने शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में मुंबई विश्वविद्यालय की अंतरमहाविद्यालयीन सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय के खेल इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। उत्कृष्ट टीम भावना, कठोर अनुशासन और आक्रामक खेल के दम पर एस.एस.टी. टीम ने पूरी प्रतियोगिता में अपना निर्विवाद वर्चस्व सिद्ध किया।

प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण में



एस.एस.टी. के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पराजित किया। फाइनल मुकाबले में संयमित रणनीति, सटीक फील्डिंग और प्रभावी बल्लेबाजी के कारण टीम ने जीत सुनिश्चित की। प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन, टीम कप्तान का नेतृत्व और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत इस सफलता के प्रमुख कारण रहे।

इस उल्लेखनीय सफलता पर महाविद्यालय के प्रबंधन, प्राचार्य, खेल विभाग, प्राध्यापक वर्ग तथा विद्यार्थियों ने टीम को हार्दिक बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# गणतंत्र दिवस पर गरीब, असहाय बच्चों संग बांटी खुशियां

**भिवंडी.** 77 वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में श्री साई सेवा संस्था के सौजन्य से प्रतिवर्ष की भांति आऊट ऑफ स्कूल चिल्ड्रन के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में बाबा इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंसिपल सुनील मुले द्वारा गणमान्य अतिथियों की गरिमामई उपस्थिति में झंडारोहण किया गया. उक्त अवसर पर संस्थाध्यक्षा डॉ स्वाति सिंह, महेश शिर्के, हरीश जी, वॉरियर ग्रुप से फुलसिंह सर और उनकी टीम, जीतू गुप्ता, जोशी सर, श्रीमती राधिका कुर्मी आदि मान्यवर सहित शिक्षक, शिक्षिकाएं, स्टाफकर्मी आदि उपस्थित थे.

गौरतलब हो कि, वराला देवी



तालाब फेना पाड़ा बाबा इंग्लिश मीडियम स्कूल के पूर्व भिवंडी मनपा गार्डन में श्री साईं सेवा संस्था द्वारा संचालित गरीब बच्चों की शाला में गणतंत्र दिवस के मौके पर झंडारोहण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. झंडारोहण कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में

ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित बच्चियों ने नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों की खूब तालियां बटोरीं.लड़कों की टोली ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले सामाजिक नुकसान के प्रति नाटिका का कुशलता से प्रदर्शन कर जनमानस को जागरूक किए जाने का अमूल्य प्रयास किया. श्रमजीवी संघटना प्रदेश महासचिव बालाराम भोईर द्वारा निराश्रित,असहाय बच्चो को टाफी,मिठाई और सौगात स्वरूप सायकल भेट की गई.साइकिल पाकर बच्चों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा.संस्था की मदद से शिक्षा प्राप्त कर रहे असहाय,गरीब बच्चे खुशी से गदगद कैंपस में ही साइकिल दौडाते देखे गए.संस्था अध्यक्षा डा.स्वाति सिंह ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि, गणतंत्र दिवस बच्चों के जीवन में खुशियां लेकर आया है.अतिथियों का प्रेम और सौगात बच्चों की जीवन की अनमोल धरोहर है.गणतंत्र दिवस अवसर पर अतिथियों से सौगात पाकर बच्चों की खुशी देखकर पालक की भी खुशी दुगुनी हो गई और निराश्रित बच्चों को खुशी से खिलखिलाते देखकर सबकी आँखें नम हो उठीं. बच्चे अपने बीच सेना के बीर जवानों को पाकर बेहद आनंदित हुए.वारियर की टोली ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया. निराश्रित, असहाय बच्चों को शिक्षा प्रदान कर जीवन स्तर ऊपर उठाने में जुटी श्री साईं सेवा संस्था अध्यक्षा डा.स्वाति

### एआर रहमान के बयान पर वहीदा रहमान बोलीं

# 'ऐसी छोटी-छोटी चीजें हर देश में होती हैं'

वेटरन एक्ट्रेस वहीदा रहमान ने म्यूजिशियन एआर रहमान के उस बयान पर रिएक्शन दिया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बॉलीवुड में उन्हें कम काम मिलने की एक वजह "सांप्रदायिक भेदभाव" भी हो सकती है।

एक बातचीत में वहीदा रहमान ने कहा - ₹हां, मैंने इसके बारे में पढ़ा है, लेकिन मैं इसके बारे में कम जानने की कोशिश करती हूं। जब सब कुछ ठीक चल रहा हो तो मैं इस पर ध्यान नहीं देना पसंद करती हूं। ये छोटी-छोटी चीजें हर देश में होती हैं।₹

उन्होंने आगे कहा, "किस पर भरोसा करें और कितना भरोसा करें? यह बात सच है भी या नहीं, यह भी नहीं पता। ऐसे मामलों में क्यों उलझना? खासकर मेरी उम्र में मैं किसी से या किसी मुद्दे से जुड़कर विवाद नहीं चाहती। अपनी शांति से रहो, यह मुल्क हमारा है, बस खुश रहो। मैं बस इतना ही कह सकती हूं।"



वहीदा रहमान ने यह भी कहा कि एआर रहमान को कम काम मिलने की वजह बदलता वक्त भी हो सकता है।

उन्होंने कहा, "काम तो ऊपर-नीचे होता ही रहता है। एक उम्र के बाद लोग कहते हैं कि कुछ नया या अलग लेकर आइए। ऐसे में कई बार कुछ लोग पीछे रह जाते हैं। ऐसा जरूरी नहीं कि जो लोग बहुत ऊंचाई पर पहुंच गए हैं, वही हमेशा वहीं बने रहें।

### एआर रहमान ने क्या कहा था?

दरअसल, एआर रहमान ने BBC एशियन नेटवर्क को दिए इंटरव्यू में बॉलीवुड में पक्षपात को लेकर बात की थी। उन्होंने कहा था, "शायद पहले मुझे इसका एहसास नहीं हुआ या यह छुपा हुआ था। लेकिन पिछले आठ सालों में सत्ता का संतुलन बदला है और अब ऐसे लोगों के पास ताकत है जो रचनात्मक नहीं हैं। यह सांप्रदायिक भी हो सकता है, लेकिन सीधे तौर पर मेरे सामने नहीं आता। मुझे बस अफवाहों के जरिए पता चलता है कि मुझे बुक किया गया था, लेकिन बाद में म्यूजिक कंपनी ने पांच और कंपोजर को हायर कर लिया।"

### एकनाथ शिंदे के घर के बाहर प्रदर्शन

**ठाणे.** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के आदिवासियों ने अपनी बस्तियों को ध्वस्त किए जाने के विरोध में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के ठाणे स्थित आवास के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि वे पीढ़ियों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं। उन्होंने प्रशासन द्वारा उनके आवासों पर की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई की निंदा की और देर रात शिंदे के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। राज्य आदिवासी विकास समिति के अध्यक्ष विवेक पंडित ने कहा कि जब तक 2018 की पुनर्वास योजना लागू नहीं हो जाती और प्रभावित परिवारों को फिर से बसाया नहीं जाता, तब तक तोड़फोड़ नहीं होनी चाहिए।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने ग्रामीण इलाके में मनाया भारत का 77वां गणतंत्र दिवस

**उल्हासनगर.** भारत का 77वां गणतंत्र दिवस अलग-अलग हिस्सों में मनाया गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (CS08) ने ग्रामीण इलाकों में गणतंत्र दिवस मनाया और उस इलाके के नागरिकों और बच्चों की खुशी को दोगुना कर दिया।

उल्हासनगर से सटे वाहोली गांव में, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पहली बार बड़े उत्साह के साथ यह दिन मनाया ताकि देश के नागरिक और बच्चे देश के गणतंत्र दिवस में हिस्सा ले सकें। प्रोग्राम की शुरुआत प्लांट के हेड संजय सिंह



ने झंडा फहराकर की। सभी कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों और आसपास के गांवों के नागरिकों ने गणतंत्र दिवस समारोह का अनुभव करने के लिए हिस्सा लिया।

इस बीच, संजय सिंह ने अपने भाषण में गणतंत्र दिवस के महत्व को एकता, एकजुटता और त्याग के रूप में बताया। फिर, उन्होंने सभी से धर्म, जाति और क्षेत्रीय मतभेदों को भुलाकर देश के हित के लिए मिलकर काम करने की अपील की। उन्होंने आतंकवाद और महामारी जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए सतर्क रहने का संदेश भी दिया। इस प्रोग्राम में कंपनी के अधिकारियों, कर्मचारियों और गांव के लोगों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया और सभी ने दिल से देश के प्रति अपनी वफ़ादारी दिखाई।

### ठाकरे गुट के शिवसैनिक रमेश तिखे का दिल का दौरा पड़ने से मौत

**कल्याण.** कल्याण–डोंबिवली मनपा चुनाव के बाद सामने आए 'नगरसेवक लापता' पोस्टर विवाद में अब एक दुखद मोड़ आ गया है। शिवसेना (उबाठा) गुट के पदाधिकारी रमेश तिखे का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा बार-बार फोन कर पूछताछ के लिए बुलाए जाने के दबाव के कारण तिखे को दिल का दौरा पड़ा, जिससे उनकी मौत हो गई।

### आम सूचना

मैं श्री घनश्याम हरगुनदास आहुजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 1545 के पास, रुम नं. 12, पोर्शन 7, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 46सीआय010373900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रतना हरगुनदास आहुजा और अन्य दो जनों के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 25.1.2026 सी.नं. 299 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री घनश्याम हरगुनदास आहुजा







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099